चूरू में चला राठौड़ का जादू, बहुमत के बाद भी कांग्रेस से छीनी जिला प्रमुख की कुर्सी

चूरू, (निसं)। चूरू जिला प्रमुख की कुर्सी को लेकर चूरू जिला परिषद में बुधवार को हुए चुनाव में ऐसा सियासी उलटफेर देखने को मिला, जिसने जिले सहित पूरे राजस्थान की राजनीति में हलचल मचा दी।

जिला परिषद में बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस अपना जिला प्रमुख नहीं बना पाई। भाजपा प्रत्याशी कनिका सिंह ने कांग्रेस की प्रकाश देवी बुडानिया को 5 मतों से शिकस्त देकर जिला प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। इस अप्रत्याशित नतीजे के पीछे कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग को बड़ी वजह माना जा रहा है। मतदान में भाजपा प्रत्याशी कनिका सिंह को 22 मत मिले, जबकि कांग्रेस की प्रकाश देवी बुडानिया को 17 मतों से ही संतोष करना पड़ा। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने मतगणना के बाद कनिका सिंह को विजयी घोषित किया। नतीजे सामने आते ही कांग्रेस खेमे में मायूसी छा गई, वहीं भाजपा खेमे में जश्न शुरू हो गया।

चुनाव से पहले कांग्रेस अपने बहुमत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही थी। पार्टी खेमे में जीत का भरोसा इतना था कि जश्न की तैयारियां भी शुरू हो गई थीं, लेकिन मतदान के परिणाम ने पूरे समीकरण बदल दिए। कांग्रेस के खेमे से हुई क्रॉस वोटिंग ने भाजपा की राह आसान कर दी। बहुमत के बावजूद जिला प्रमुख का पद गंवाना कांग्रेस के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। खास बात यह रही कि धर्मेंद्र बुडानिया के राजनीतिक खेमे को एक बार फिर भीतरघात का सामना करना पड़ा। कनिका सिंह की जीत की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ढोल बजाकर कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया। इस दौरान पद्मश्री देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण और जिला परिषद सदस्य पराक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। पराक्रम सिंह ने राठौड़ ने अपनी पत्नी नवनिर्वाचित जिला प्रमुख कनिका सिंह को गुलाब का फूल भेंट कर बधाई दी। राठौड़ के निवास के बाहर कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर जीत की खुशी मनाई और विजयी जुलूस निकाला।

जीत के बाद कनिका सिंह ने अपने ससुर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड और सास चांद कंवर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। भावुक माहौल के बीच कनिका सिंह ने अपनी जीत को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि जनता का विश्वास है।

चूरू में बुधवार को जिला प्रमुख के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस से प्रकाश देवी बुडानिया तथा भाजपा से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड की पुत्रवधु कनिका सिंह ने नामांकन दाखिल किया था। कांग्रेस के पास 22 सीटें थी और भाजपा के पास केवल 17 ही सीट थी। इसके बावजूद कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भी भाजपा ने कांग्रेस के अंदरखाने में सेंध मारकर 5 वोटों से कनिका सिंह को जीताकर जिला प्रमुख बनाया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह जीत भाजपा संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिले के विकास को नई गति देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। जिला परिषद सदस्य पराक्रम सिंह ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर काम किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख विजय शर्मा, पदम सिंह राठौड़, वासुदेव चावला, सुरेश सारस्वत, पूर्व प्रधान दीपचन्द राहड़, करणी सिंह रायपुरिया, विमला गढवाल, रणवीर कस्वां, नरेन्द्र सैनी, सुरेश बूंटिया, नरेन्द्र सिंह राठौड़, जंगशेर खान, अख्तर खान, अश्वनी बुडानिया, सुनील ढाका, रजत शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।



कनिका सिंह की जीत की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।

- क्रॉस वोटिंग ने बिगाड़ा कांग्रेस का खेल, जीत के जश्न की तैयारी में जुटी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा
- जिला प्रमुख चुनाव में सीटों का उलटफेर, भाजपा को 22 और कांग्रेस को 17 वोट, कनिका जिला प्रमुख बनीं

निवाई में ट्रेलर से टकराई बेकाबू कार, एक युवक की मौत

निवाई, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरथल तिराहे के समीप स्थित दीक्षा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को कूदते हुए दूसरी तरफ से आ रहे एक ट्रेलर से जा टकराई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में दो जने घायल हो गये।

- हादसे में दो जने घायल, प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया

बरोनी थानाधिकारी जयमलसिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरथल तिराहे के समीप स्थित दीक्षा पेट्रोल पंप के समीप चालक का कार पर से नियंत्रण हट गया, जिससे कार डिवाइडर को पार करते हुए सामने से गुजर रहे ट्रेलर से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में देशराज मरेठा (23) पुत्र किशनलाल मरेठा निवासी मण्डावर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं कार में सवार अजय गुर्जर पुत्र रामभजन गुर्जर निवासी हमीदपुरा उर्फ बासड़ा व राजू धोबी पुत्र सुवालाल धोबी निवासी आंचेर चौथ का बरवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई एवं स्थानीय लोगों व राहगीरों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला तथा 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें निवाई के उप जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करके जयपुर रेफर कर दिया। मृतक देशराज मरेठा के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह मय पुलिस जाब्ते के साथ उप जिला अस्पताल पहुंचे एवं घटनाक्रम का जायजा लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सड़क हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

विवाद के चलते नौ दिन की बच्ची मां की गोद से गिरी, मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के बनाड़ स्थित गुजरावास खुर्द गांव में झोपड़पट्टी में रहने वाले दो पड़ौसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद के चलते नौ दिन की बच्ची अपनी मां की गोद से नीचे गिर गई और उसकी मौत हो गई। बच्ची के परिजन ने मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज किया है। बच्ची के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। जांच एसीपी मंडोर अनिल शर्मा की तरफ से की जा रही है।

बनाड़ थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि गुजरावास खुर्द गांव में झोपड़पट्टी में रहने वाले परिवार का आरोप है कि उसके पड़ौस में एक अन्य परिवार झोपड़पट्टी में रहता है। 23-24 नवंबर की मध्य रात को पड़ौस के परिवार के लोग उसकी झोपड़ी पर आए विवाद किया। परिवार पर मारपीट का भी आरोप लगाया गया। इस बीच विवाद में पीड़ित परिवार की नौ दिन की बच्ची गोद से गिर गई और उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि बच्ची के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया गया है, हालांकि शरीर पर जाहिरा कोई चोट के निशान नहीं मिले है। दोनों के बीच आपसी विवाद हुआ था, झगड़ा होने जैसी बात पर भी संशय बना है। फिलहाल प्रकरण दर्ज किया गया है।

बराबर सीटें होने के बावजूद भाजपा की सुशीला देवी बालोतरा जिला प्रमुख बनीं

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिला परिषद के जिला प्रमुख चुनाव में बुधवार को बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी सुशीला देवी ने कांग्रेस प्रत्याशी फूलाराम को महज एक वोट से पराजित कर जिला प्रमुख पद पर कब्जा जमा लिया। सुशीला देवी बालोतरा जिले की पहली जिला प्रमुख निर्वाचित हुई हैं।

गौरतलब है कि जिला प्रमुख पद को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। जिला परिषद की कुल 31 सीटों में भाजपा और कांग्रेस के पास 12-12 सीटें थीं, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सात सदस्य निर्णायक भूमिका में थे। जिला प्रमुख बनाने के लिए 16 मतों की आवश्यकता थी। बुधवार को हुए मतदान में भाजपा प्रत्याशी सुशीला देवी को 16 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी फूलाराम को 15 मत प्राप्त हुए। इस तरह भाजपा ने एक वोट से जीत दर्ज कर जिला परिषद की सत्ता अपने नाम कर ली।

आरएलपी के समर्थन से बदला चुनावी गणित :-चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा आरएलपी के सात सदस्यों की भूमिका को लेकर रही। राजनीतिक समीकरणों में आरएलपी के समर्थन को लेकर कांग्रेस गठबंधन की चर्चाएं थीं, लेकिन मतदान के दौरान क्रॉस वोटिंग ने पूरा गणित बदल दिया।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार आरएलपी के चार सदस्यों के वोट भाजपा और तीन के वोट कांग्रेस के पक्ष में गए। बालोतरा जिला प्रमुख चुनाव में भाजपा की इस जीत को जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। बराबर सीटें होने के बावजूद भाजपा ने रणनीतिक बढ़त बनाते हुए जिला प्रमुख की कुर्सी हासिल कर ली।

- भाजपा की सुशीला देवी ने कांग्रेस के फूलाराम को एक वोट से पराजित किया
- जिला परिषद की 31 सीटों में भाजपा और कांग्रेस के पास 12-12 सीटें थीं, जबकि आरएलपी के सात सदस्य निर्णायक भूमिका में थे

तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रोले में घुसी, तीन युवकों की मौत

दो युवक घायल, पांचों युवक भगवाड़ी से मुंडनवाड़ा लौट रहे थे

कोटपुतली-बहरोड़/जयपुर। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर बहरोड़ क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि को भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दहमी फ्लाईओवर के पास रात करीब एक बजे हुआ, जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रोले में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार युवक अंदर फंस गए।

बहरोड़ कोतवाली के कार्यवाहक थाना अधिकारी सूबे सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में मुंडनवाड़ा निवासी हरीश कुमार पुत्र राजेश यादव, देवेंद्र पुत्र छोटेलाल प्रजापत और हेमंत पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पांचों युवक बहरोड़ के भगवाड़ी से कार में सवार होकर अपने गांव मुंडनवाड़ा लौट रहे थे। हादसे के बाद तीनों शव बहरोड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। बुधवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिए गए। एक साथ तीन युवकों की मौत से मुंडनवाड़ा गांव में शोक की लहर छा गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

- टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार युवक अंदर फंस गए

अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

अलवर, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के किथूर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 16 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक हरियाणा के पिनहवा (गूगलहेड़ी) निवासी अरसलान था। वह 11वीं कक्षा में पढ़ता था और बचपन से ही अलवर में अपनी मां के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर की रात करीब नौ बजे अरसलान किसी काम से बाइक लेकर घर से निकला था। इसी दौरान किथूर गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लहूलुहान हालत में अलवर जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर सदर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

साइबर ठगों ने किसान को लाखों रुपये की चपत लगाई

किसान के किसान क्रेडिट कार्ड और खाते से 23.70 लाख रुपये पार हुये, मामला दर्ज

छबड़ा, (निसं)। साइबर ठगों ने एक किसान को लाखों रुपये की चपत लगा दी। छबड़ा क्षेत्र के खेड़ली निवासी किसान के किसान क्रेडिट कार्ड और बचत खाते से 23 लाख 70 हजार 643 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। किसान को कई दिनों तक खाते से हो रहे लेनदेन की भनक तक नहीं लगी। बैंक पहुंचकर खाते की जानकारी लेने पर मामले का खुलासा हुआ।

खेड़ली निवासी राधेश्याम खरवाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका क्रेडिट कार्ड आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की छबड़ा शाखा में संचालित है। कार्ड की सीमा 50 लाख रुपये है। किसान ने पुलिस को बताया कि 4 नवंबर को बैंक पहुंचकर खाते की जानकारी ली तो पता चला कि उसके किसान क्रेडिट कार्ड और बचत खाते से उसकी जानकारी और अनुमति के बिना ऑनलाइन लेनदेन किए गए हैं। 17 जुलाई से 12 अगस्त के बीच अलग-अलग तारीखों में कई बार ऑनलाइन लेनदेन कर कुल 23,70,643 रुपये की राशि दूसरे खातों में भेज दी गई। किसान का कहना है कि उसने किसी भी प्रकार के लेनदेन की अनुमति नहीं दी थी और न ही उसे इस संबंध में कोई सूचना मिली। पीड़ित की शिकायत पर बारां साइबर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ठगी की रकम किन बैंक खातों में भेजी गई और इसके लिए किन माध्यमों का इस्तेमाल किया गया।

हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बूंदी, (निसं)। इंद्रगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इंद्रगढ़ थानाधिकारी दीनदयाल वैष्णव के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए मनीष मीणा पुत्र कालूलाल मीणा, निवासी फटुकड़ा, थाना करवर तथा मनराज उर्फ मैनेजर पुत्र भैरूलाल मीणा, निवासी चमनगंज, थाना इंद्रगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

बीकानेर : जिला प्रमुख चुनाव में बगावत करने पर सरिता चौहान कांग्रेस से छह साल के लिये निष्कासित

बीकानेर, (निसं)। जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी निकिता डूडी की जीत के बाद राजस्थान कांग्रेस ने बड़ा संगठनात्मक फैसला लिया है। पार्टी ने जिला परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पुत्री सरिता चौहान को छह साल के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में एआईसीसी की ओर से 25 नवंबर को आधिकारिक आदेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार बीकानेर जिला प्रमुख चुनाव में कांग्रेस ने निकिता डूडी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। वहीं पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पुत्री सरिता चौहान ने पार्टी से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया था। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया। बुधवार को हुए मतदान में निकिता डूडी ने 23 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि सरिता चौहान को 18 वोट मिले। इस तरह निकिता डूडी ने 5 वोटों के अंतर से जिला प्रमुख का चुनाव जीत लिया। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने सरिता चौहान के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। जारी आदेश में सरिता चौहान पुत्री गोविंदराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य बीकानेर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है। यह आदेश एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की ओर से जारी किया गया है। इस कार्रवाई के जरिए कांग्रेस नेतृत्व ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों को स्पष्ट संदेश दिया है। एक तरफ निकिता डूडी की जीत से कांग्रेस खेमे में उत्साह है, वहीं दूसरी तरफ सरिता चौहान के निष्कासन ने बीकानेर कांग्रेस की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। जिला प्रमुख चुनाव में शुरू हुई राजनीतिक खींचतान अब पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई तक पहुंच गई है।

- जिला परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की पुत्री सरिता चौहान को छह साल के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया

ई-रिक्शा में सवार महिला की लाखों की सोने की चेन चोरी

अलवर, (निसं)। शहर में ई-रिक्शा में सफर कर रही एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। शालीमार से घंटाघर जाते समय ई-रिक्शा में छोटे बच्चे के साथ सवार हुई दो अज्ञात महिलाओं पर चोरी का संदेह जताया गया है। चोरी हुई चेन का वजन करीब 22 ग्राम और कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। पीड़िता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार अपना घर शालीमार निवासी नीलम शर्मा पत्नी राजीव शर्मा ने रिपोर्ट में बताया कि 18 नवंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे वह शालीमार के गेट नंबर-3 से घंटाघर जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठी थीं। रास्ते में तिजारा फाटक की पुलिया पार करने से पहले दो अज्ञात महिलाएं एक छोटे बच्चे के साथ ई-रिक्शा में सवार हो गईं। कुछ देर बाद दोनों महिलाएं जेल सर्किल स्थित हरिश हॉस्पिटल के पास उतर गईं। उस समय पीड़िता को चेन गायब होने का पता नहीं चला। घंटाघर पहुंचने पर जब उन्होंने अपने गले की तरफ ध्यान दिया तो सोने की चेन गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद चेन का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ई-रिक्शा में उनके अलावा केवल दोनों महिलाएं ही बच्चे के साथ सवार हुई थीं। ऐसे में उन्हें दोनों महिलाओं पर चेन चोरी करने का संदेह है। कोतवाली थाना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- ई-रिक्शा में छोटे बच्चे के साथ सवार हुई दो अज्ञात महिलाओं पर चोरी का संदेह जताया

लॉटरी से डीडवाना-कुचामन के पहले जिला प्रमुख बने भाजपा के बुधाराम गरवा

कांग्रेस-भाजपा में 14-14 वोट से मुकाबला टाई रहा, लॉटरी से फैसला हुआ

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना-कुचामन जिला परिषद में जिला प्रमुख चुनाव का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच मुकाबला टाई होने के बाद लॉटरी से फैसला हुआ। कांग्रेस की पूनम गोयल और भाजपा के बुधाराम गरवा को 14-14 वोट मिले, जबकि आरएलपी प्रत्याशी शिवपाल को 7 वोट मिले। इसके बाद छोटी बच्ची के हाथों से लॉटरी निकाली गई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी बुधाराम गरवा के नाम की पर्ची निकली। इस तरह लॉटरी के जरिए भाजपा की किस्मत चमकी और बुधाराम गरवा डीडवाना-कुचामन जिला परिषद के पहले जिला प्रमुख निर्वाचित हुए।

जानकारी के अनुसार बुधाराम गरवा जैसे ही जिला प्रमुख चुने गए, वैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई और उन्होंने जमकर जश्न मनाया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में नए जिला प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण विकास पर उनका फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि गांवों का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। सभी ग्राम पंचायतों को साथ लेकर विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जाएंगी और अधिकारियों के साथ समन्वय कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे ग्रामीण तक पहुंच सके।



भाजपा के बुधाराम गरवा को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया।

- छोटी बच्ची के हाथों निकली पर्ची, भाजपा प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगी

पथराव व तोड़फोड़ के मामले में चार गिरफ्तार

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। गांव भवनपुरा में सरकारी रास्ते में नाली निकालने के विवाद में पथराव व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हैड कास्टेबल खजान सिंह ने बताया कि गांव भवनपुरा निवासी कैलासी पुत्र राजाराम की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गांव के ही भानू और प्रवीण घर के सामने सरकारी रास्ते में नाली निकाल रहे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। इसके बाद केदार, जगदीश, बत्तू, रमेश, दिनेश, कृष्णा, सुधीर, संजय, राजवीर सहित अन्य लोग लाठी-डंडे व पत्थर लेकर मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए कैलासी के भाई कुमरपाल व परिवार के अन्य सदस्यों से मारपीट की। इसके बाद हमलावर घर में घुस गए और अंकित, पुखराज, सुजान, उदयसिंह व सुमन कुमारी समेत अन्य लोगों से मारपीट की। इन लोगों ने घर में घुसकर वॉशिंग मशीन, कमरों के शीशे समेत अन्य सामान तोड़ दिए और घर के बाहर खड़े ट्रैक्टरों में भी तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपित गांव भवनपुरा निवासी कुलभान सिंह, सुधीर कुमार, बच्चूराम, कृष्ण विहारी लोधा को गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस कैंप में फायरिंग का आरोप

आहोर, (निसं)। आहोर पंचायत समिति में प्रधान चुनाव को लेकर कांग्रेस कैंप में फायरिंग व धावा बोलने का मामला सामने आया है। कुछ बदमाश लोगों पर एक होटल में बाडाबंदी में ठहरे कांग्रेस के दो विजयी प्रत्याशियों को उठाकर ले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। कांग्रेस नेता उमसिंह राठौड़ ने आहोर थाने में इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की है। आहोर थानाधिकारी करणसिंह ने बताया कि रिपोर्ट में चांदराई स्थित एक होटल में वाहनों में भरकर कुछ बदमाश लोग अनाधिकृत प्रवेश कर फायरिंग करने लगे तथा होटल में मौजूद लोगों को डराने धमकाने लगे। इस दौरान कांग्रेस कैंप में ठहरे दो सदस्यों को उठाकर ले गए।